जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

11 अप्रैल 2023

महत्वपूर्ण/ अत्यावश्यक प्रेस विज्ञप्ति

जामिया के शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल तक बढ़ाई गई; 14 अप्रैल से 15 अप्रैल तक फॉर्म एडिटिंग के लिए उपलब्ध रहेंगे

जामिया मिल्लिया इस्लामिया द्वारा प्रस्तावित सभी यूजी/ पीजी/ पीजी डिप्लोमा/ एडवांस्ड डिप्लोमा/ डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 अप्रैल, 2025 तक बढ़ा दी गई है। बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा आवेदन करने के लिए अधिक समय मांगने जाने के मद्देनजर, सक्षम प्राधिकारी ने इन अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल से बढ़ाकर 13 अप्रैल कर दी है।

जामिया के कुलपति प्रोफेसर मजहर आसिफ ने कहा, "हमने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने का फैसला इसलिए किया है ताकि देश के दूरदराज के क्षेत्रों, खासकर ग्रामीण और भौगोलिक रूप से हाशिये के क्षेत्रों के आवेदकों को, जो डिजिटल पहुंच की कमी और बिजली की कमी के कारण तकनीकी कठिनाइयों का सामना करते हैं या अन्य वास्तविक कारणों से समय सीमा से चूक जाते हैं, उन्हें कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और उन्हें आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए आवेदन करने के लिए पर्याप्त समय मिले।"

इच्छुक छात्र अब आवेदन की अंतिम तिथि में तीन दिन के विस्तार का उपयोग जामिया प्रवेश पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जामिया द्वारा पेश किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदन करने के लिए कर सकते हैं।

प्रवेश फॉर्म 14 से 15 अप्रैल, 2025 तक एडिटिंग के लिए खुला रहेगा।

ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म प्रवेश पोर्टल https://admission.jmi.ac.in पर उपलब्ध है।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया अपनी उच्च राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग के कारण एक बहुत ही लोकप्रिय केंद्रीय विश्वविद्यालय है। उल्लेखनीय है कि एनआईआरएफ रैंकिंग- 2024 में जामिया ने लगातार तीसरे वर्ष विश्वविद्यालय श्रेणी में तीसरा स्थान प्राप्त किया है और शिक्षा मंत्रालय के नैक द्वारा उच्चतम ग्रेड 'ए++' से सम्मानित है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया